

परिवार बढ़ाने में नयना के 20 साल की उम्र का इंतज़ार करने का, नयना और उसके पति को यह फायदा हुआ कि उसने अपने परिवार को भरपूर समय दिया। वह संगीत सीखने का अपना शौक पूरा कर पायी। पति-पत्नी ने एक दूसरे के संग भरपूर समय बिताया। इंतज़ार का एक फायदा यह भी हुआ कि इस बीच नयना के पति की आमदनी भी बढ़ गई और दोनों अपने बच्चे की परवरिश के लिए ज्यादा बचत कर पाए। वे अपने बच्चे को एक अच्छे स्कूल में भी भेज पाए।

प्र: 20 के बाद माँ बनने के कारण किस प्रकार नयना और उसका पति एक बेहतर ज़िंदगी जी पाए?

प्र: नयना की कहानी से-

(क) कम उम्र की लड़कियों को क्या शिक्षा मिलती है?

(ख) कम उम्र की लड़कियों के माँ-बाप को क्या शिक्षा मिलती है?

(ग) एक पति को क्या सीख मिलती है?

(घ) ससुराल वालों को क्या सीख मिलती है?

20 के बाद ही खुशखबरी